# 1 राजस्थान के इतिहास के स्रोत

1. एक स्थान से दूसरे स्थान पर सामान को लाने व ले जाने का अनुमति पत्र क्या कहलाता था?
(1) दस्तक (2) निशान
(3) सनद (4) परवाना

2. अशोक के अभिलेखों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
(1) अधिकांश अभिलेख प्राकृत भाषा में हैं।
(2) अधिकांश अभिलेख ब्राह्मी लिपि में हैं
उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?
(1) 1 सही है, 2 गलत है। (2) 1 और 2 दोनों गलत हैं।
(3) 1 और 2 दोनों सही हैं। (4) 1 गलत है, 2 सही है।

3. शिलालेख/प्रशस्ति और उनके वर्ष का कौनसा जोड़ा सही नहीं है?
(1) रसिया की छतरी का लेख – 1274 ई.
(2) गंभीरी नदी के पुल का लेख – 1267 ई.
(3) चीरवा का शिलालेख – 1273 ई.
(4) श्रृंगी ऋषि शिलालेख – 1528 ई.

4. उस अभिलेख को चिन्हित कीजिए, जो प्राचीन राजस्थान में वैष्णव संप्रदाय की उपस्थिति के साक्ष्य देता है–
(1) कन्सुआ अभिलेख (2) बरनाला अभिलेख
(3) हर्षनाथ मंदिर की प्रशस्ति (4) आहड़ अभिलेख

5. 'इकतीसंदा' रुपया राजस्थान की कौनसी टकसाल में बनता था?
(1) सोजत (2) मंडोर
(3) जोधपुर (4) कुचामन

6. निम्नलिखित में से कौनसा अभिलेख चित्तौड़ के प्रारम्भिक इतिहास पर प्रकाश डालता है?
(1) अचलेश्वर का अभिलेख (2) मानमोरी का अभिलेख
(3) बिजौलिया का अभिलेख (4) सामोली का अभिलेख

7. निम्नलिखित में से कौन–सा मण्डोर के प्रतिहारों के इतिहास की जानकारी देता है?
(1) सामोली अभिलेख (2) घटियाला अभिलेख
(3) बीजापुर अभिलेख (4) अर्थुना अभिलेख

8. राजस्थान में नालियासर, बैराठ तथा नगरी से प्राप्त सिक्के किन राजाओं से संबंधित थे?
(1) हूण (2) गुहिल
(3) यूनानी (4) मुगल

9. वह कौनसा शिलालेख है जिससे ज्ञात होता है कि विग्रहराज चतुर्थ ने दिल्ली को अपने अधीन किया था–
(1) बिजोलिया शिलालेख (2) बोरेश्वर का लेख
(3) किराडू का लेख (4) जालौर का लेख

10. राजपूताना की किस रियासत के सिक्कों पर एक ओर सम्राज्ञी विक्टोरिया का चेहरा और अंग्रेजी में 'विक्टोरिया एम्प्रैस' लिखा होता था और दूसरी और नागरी तथा उर्दू लिपि में महाराजा का नाम लिखा होता था?
(1) बीकानेर (2) जोधपुर
(3) कोटा (4) झालावाड़

11. निम्नलिखित में से किस स्थल से इंडो–ग्रीक शासकों के 28 सिक्के प्राप्त हुए हैं?
(1) नगरी (2) बैराठ
(3) नगर (4) रैढ़

12. दो अभिलेखों से ज्ञात होता है कि मौर्या का सम्बन्ध राजस्थान से था?
(1) कनसवा (कोटा) एवं मानमोरी (चित्तौड़गढ़)
(2) बुचकला (जोधपुर) एवं मंडोर (जोधपुर)
(3) चाटसु लेख (जयपुर) एवं सारणेश्वर (उदयपुर)
(4) हस्तिकुण्डी (पाली) एवं पाणाहेड़ा (बांसवाड़ा)

13. बिजोलिया अभिलेख, नेमिनाथ अभिलेख, घोसुण्डी अभिलेख और बुचकला अभिलेख का आरोही क्रम में सही कालक्रम बताईये?
(1) नेमिनाथ अभिलेख, बिजोलिया अभिलेख, बुचकला अभिलेख, घोसुण्डी अभिलेख
(2) घोसुण्डी अभिलेख, बुचकला अभिलेख, बिजोलिया अभिलेख, नेमिनाथ अभिलेख
(3) बुचकला अभिलेख, नेमिनाथ अभिलेख, घोसुण्डी अभिलेख, नेमिनाथ अभिलेख
(4) घोसुण्डी अभिलेख, बुचकला अभिलेख, नेमिनाथ अभिलेख, बिजोलिया अभिलेख

14. 'आबु के अभिलेख' के लेखक कौन है?
(1) योगेश्वर (2) शुभचन्द्र
(3) रत्नप्रभ सूरि (4) पार्श्वचन्द्र

15. किस स्थल से शासक मिनेण्डर के 16 सिक्के प्राप्त हुये हैं?
(1) आहड़ (2) रैढ़
(3) बैराठ (4) नालियासर

16. राजस्थान में फारसी भाषा का सबसे प्राचीन अभिलेख किस जिले में है?
(1) अजमेर (2) नागौर
(3) चित्तौड़गढ़ (4) भीलवाड़ा

17. मुद्रा और राज्य का कौनसा एक युग्म सुमेलित नहीं है?
(1) लक्ष्मणशाही– बांसवाड़ा (2) विन्शोपक– चौहान
(3) विजयशाही– बीकानेर (4) डोडिया– जैसलमेर

18. गधिया सिक्के किस राज्य से संबंधित थे?
(1) मारवाड़ (2) मेवाड़
(3) जयपुर (4) बीकानेर

19. प्रतापगढ़ शिलालेख (946 ई.) में किस राजवंश के शासकों की नामावली व उपलब्धियों का वर्णन मिलता है?
(1) हाड़ा चौहान (2) प्रतिहार
(3) परमार (4) गुहिल

20. सारणेश्वर (सांडनाथ) प्रशस्ति का संबंध किस जिले से है?
(1) पाली (2) सिरोही
(3) उदयपुर (4) चित्तौड़गढ़

21. शिलालेख व शासकों का निम्नलिखित में कौन सा युग्म सही नहीं है?
(1) घोसुण्डी शिलालेख– सर्वतात
(2) हर्षनाथ के मंदिर की प्रशस्ति– विग्रहराज द्वितीय
(3) घटियाला के शिलालेख– कक्कुक
(4) राजप्रशस्ति– केल्हनदेव

22. निम्न में से किस लेख में वागड़ के परमारों की धनिक से लेकर मंडलीक तक की वंशावली दी गई है, इसमें पाणाहेड़ा का नाम 'पांशुलाखेटक' दिया गया है?
(1) हस्तिकुण्डी शिलालेख (2) इंगनौड़ा का लेख
(3) पाणाहेड़ा का लेख (4) नाडलाई का लेख

23. सुंधा पर्वत अभिलेख के संबंध में निम्न में से असत्य कथन है?
(1) यह अभिलेख 1362 ई. का है।
(2) इसके प्रशस्तिकार जैन साधु जयमंगलाचार्य थे।
(3) इसमें चाचिगदेव चौहान के बारे में जानकारी मिलती है।
(4) इसके अनुसार समरसिंह ने जालौर में गढ़ का निर्माण करवाया और समरपुर की स्थापना की।

24. पदराड़ा का लेख मेवाड़ के किस महाराणा के समय का है?
(1) कुम्भा (2) राजसिंह
(3) प्रताप (4) सांगा

25. कीर्तिस्तम्भ प्रशस्ति के बारे में निम्न में से असत्य कथन है?
(1) इस प्रशस्ति में कुंभा के वर्णन में उल्लिखित है कि वह माडव्यपुर से हनुमानजी की मूर्ति लाया था।
(2) यह लेख महाराणा मोकल के समय का है।
(3) मालवा और गुजरात की सम्मिलित सेनाओं को परास्त करने का वर्णन मिलता है जो अन्यत्र नहीं मिलता।
(4) अंत की पंक्तियों में प्रशस्तिकार महेश भट्ट का वर्णन मिलता है।

26. निम्न में से किस शिलालेख में राणा हम्मीर को 'विषमघाटी पंचानन' कहा गया है?
(1) कुम्भलगढ़ का शिलालेख (2) कीर्तिस्तम्भ प्रशस्ति
(3) रसिया की छतरी का लेख (4) समाधीश्वर लेख

27. धाईबी पीर की दरगाह का लेख (1325 ई.) किस जिले से प्राप्त हुआ है?
(1) चित्तौड़गढ़ (2) उदयपुर
(3) जालौर (4) अजमेर

28. फारसी भाषा के लेख व उनके जिलों का निम्न में से असंगत युग्म है?
(1) शाहजहाँनी मस्जिद का लेख– अजमेर
(2) बरबंद का लेख– भरतपुर
(3) बड़ी खाटू का लेख– नागौर
(4) कनाती मस्जिद का लेख– जालौर

29. मालवगण के सर्वाधिक सिक्के राजस्थान के किस भाग से मिले हैं?
(1) पूर्वी राजस्थान (2) पश्चिमी राजस्थान
(3) दक्षिणी राजस्थान (4) उत्तरी राजस्थान

30. निम्न में से किस स्थान से 6000 तांबे के सिक्के मिले हैं, माना जाता है कि इस स्थान पर मालव गण की टकसाल रही होगी?
(1) सांभर (2) नगर
(3) नोह (4) बैराठ

31. गंगाशाही सिक्के किस रियासत में प्रचलित थे?
(1) प्रतापगढ़ (2) बीकानेर
(3) भरतपुर (4) जोधपुर

32. जो पत्र राजा द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को भेजे जाते थे, वे ..............कहलाते थे।
(1) परवाना (2) दोवर्की
(3) फरमान (4) खरीता

33. राज प्रशस्ति के रचियता थे?
(1) रणछोड़ भट्ट (2) करणीक
(3) कान्हा व्यास (4) दामोदर

34. बिजौलिया शिलालेख किस वर्ष का है–
(1) 973 ई. (2) 1170 ई.
(3) 1230 ई. (4) 1267 ई.

35. जेम्स प्रिंसेप द्वारा पंचमार्क सिक्को को 'आहत मुद्रा' नाम कब दिया गया ?
(1) 1631 ई. (2) 1835 ई.
(3) 1840 ई (4) 1935 ई.

36. कर्नल टॉड के अनुसार जयपुर के किस शासक ने अपनी प्रेमिका रसकपूर के नाम के सिक्के भी बनवाए थे?
(1) सवाई जयसिंह (2) जगतसिंह द्वितीय
(3) मानसिंह प्रथम (4) माधोसिंह द्वितीय

37. अर्थुना के शिव मंदिर की प्रशस्ति में किस रियासत के शासकों का अच्छा वर्णन दिया गया है?
(1) बूंदी के चौहान (2) शाहपुरा के गुहिल
(3) मेवाड़ के गुहिल (4) वागड़ के परमार

38. जालौर का लेख, जो जालौर दुर्ग के तोपखाने की इमारत की उत्तरी दीवार में लगा है किस वर्ष का है?
(1) 1118 ई. (2) 1311 ई.
(3) 1103 ई. (4) 1256 ई.

39. चित्तौड़गढ़ का कुमारपाल का शिलालेख किस वर्ष का है?
(1) 1050 ई. (2) 1150 ई.
(3) 1250 ई. (4) 1350 ई.

40. चौहान शासक विग्रहराज चतुर्थ द्वारा रचित किस नाटक को अढ़ाई दिन के झौपड़े की दीवारों पर लिखा हुआ है?
(1) हरिकेली (2) बीसलदेव रासो
(3) ललित विग्रहराज (4) सुर्जन चरित्र

Dhindhwal Publication
Read and Achieve